# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
## देहरादून–248008

पत्रांकः– 147 /गोपन/2026–27

दिनांकः 31 जुलाई, 2026

**विज्ञप्ति/प्रवेश–पत्र**

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन **संख्या–70/उ0अ0से0च0आ0/2025 दिनांक 09 अप्रैल, 2025** में राजस्व विभाग के अंतर्गत विज्ञापित **राजस्व उपनिरीक्षक (पटवारी)** के 119 पदों एवं **राजस्व उप निरीक्षक (लेखपाल)** के 61 पदों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा हेतु चयन परिणाम विज्ञप्ति संख्या **126/गोपन/2026–27** दिनांक **21 जुलाई, 2026** द्वारा आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। उक्त पदों हेतु शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा का आयोजन दिनांक 06 अगस्त, 2026 एवं 07 अगस्त, 2026 को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य थानों रोड से एप्रोच रोड़ पर किया जा रहा है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा हेतु अपना प्रवेश–पत्र दिनांक **01 अगस्त, 2026** से आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र पृथक (डाक, ई–मेल इत्यादि माध्यम) से प्रेषित नहीं किये जायेंगे। प्रवेश पत्र इत्यादि से संबंधित किसी भी समस्या हेतु आयोग कार्यालय के दूरभाष संख्या **9520991174** एवं **9520991172** तथा आयोग की ई–मेल आई0डी0 **chayanayog@gmail.com** पर संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र पर बारकोड भी अंकित हो। प्रवेश–पत्र के साथ अभ्यर्थियों को शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु घोषणा–पत्र का प्रारूप भी अपलोड किया गया है, जिसे अभ्यर्थी द्वारा भरा जाना है। शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र में अंकित तिथि के अनुसार निर्धारित स्थान पर **प्रवेश–पत्र, आधार कार्ड, घोषणा–पत्र** के साथ समयानुसार प्रातः 07:00 बजे पहुंचना अनिवार्य है। शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में अनुपस्थित रहने की दशा में अभ्यर्थी को पुनः अवसर नहीं दिया जाएगा।

परीक्षण स्थल पर अभ्यर्थियों द्वारा साथ में लाये गये सामान को रखने हेतु क्लॉक रूम(अमानती कक्ष) की सुविधा नहीं होगी। अतः अभ्यर्थी अपने साथ लाये गये सामान को परीक्षण केन्द्र के बाहर स्वयं ही रखने की व्यवस्था करें। परीक्षण स्थल पर स्मार्ट घड़ी, मोबाईल फोन, एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाना प्रतिबंधित है।

(सुभाष चन्द्र घिल्डि़याल)
प्र0 अनुसचिव।

## पटवारी/लेखपाल की शारीरिक दक्षता परीक्षा(दौड़ 07 किमी0/3.5 किमी0) हेतु

## एडवाइजरी।

आयोग द्वारा पटवारी/लेखपाल की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक–06.08.2026 से 07.08.2026 तक संचालित की जा रही है। अवगत कराना है कि अभ्यर्थियों की शारीरिक माप–जोख परीक्षा के उपरांत अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा(दौड़ 07 किमी0/3.5 किमी0) संचालित की जायेगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सलाह दी जाती है कि :–

1. अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा(दौड़ 07 किमी0/3.5 किमी0) में प्रतिभाग करने से पूर्व दौड़ का पर्याप्त अभ्यास कर लें।
2. शारीरिक दक्षता परीक्षा(दौड़ 07 किमी0/3.5 किमी0) से पूर्व रात्रि को आराम कर लें व पर्याप्त नींद लें।
3. अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा से पूर्व भारी/तेलीय भोजन न करें।
4. अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि वे दौड़ के दिन पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं तथा दौड़ के पूर्व वार्म–अप एवं स्ट्रेचिंग कर लें। इसके साथ ही परीक्षण स्थल पर तैनात विशेषज्ञों द्वारा दिये जा रहे निर्देशों को अच्छी तरह सुन लें व निर्देशों का पालन करें।
5. अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए किसी भी प्रकार की शक्तिवर्धक दवाओं, ड्रग्स व अनावश्यक ड्रिंक इत्यादि का सेवन न करें।
6. शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान सीने आदि में दर्द होने पर अभ्यर्थी जबरदस्ती न दौड़े व दौड़ के दौरान स्वास्थ्य खराब होने पर इस संबंध में तुरंत परीक्षण स्थल पर तैनात चिकित्सकों से सम्पर्क करें।
7. शारीरिक दक्षता परीक्षा के दिवस  को अभ्यर्थी परीक्षण स्थल पर समय पर पहुँचे व दौड़ने के लिए उपयुक्त जूते और हल्के कपड़े पहन कर ही दौड़े।
8. दौड़ के समाप्त होने पर अभ्यर्थी अचानक रूकने से बचें बल्कि 10 मिनट टहल लें, जिससे कि रक्त का प्रवाह सामान्य हो सकें।

# घोषणा–पत्र

मैं.................................................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री..................................................... घोषणा करता/करती हूं कि मैं आज दिनांक.....................................................................को पदनाम–राजस्व उपनिरीक्षक (पटवारी) एवं राजस्व उपनिरीक्षक (लेखपाल) की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता के लिए परीक्षण स्थल राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर, देहरादून में उपस्थित हुआ/हुई हूँ। इस शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूँ। परीक्षण के दौरान यदि कोई स्वास्थ्य संबंधी कठिनाई आती है तो इसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार हूँ।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर.............................................................

अभ्यर्थी का नाम.....................................................................

पिता का नाम..........................................................................

अभ्यर्थी का अनुक्रमांक.........................................................